हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 20 जुलाई 2025

06 सीसी सड़क दरकने से 8 से 10 इंच तक की मोटी पड़ी ...



09 बाल तस्करी, बालश्रम और नशे के दुष्प्रभावों ...





## स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर पं. प्रदीप मिश्रा के कारण हमें यह उपलब्धि मिली : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

# जनजागरुकता रैली: स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह अपना लो कि वह हमारी आदत बन जाए

नगर पालिका सीहोर द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए नशे से दूरी है जरूरी, जन जागरूकता अभियान के तहत किया प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





हमारे देश के जन-जन में शिव भक्ति और हमारे शहर का नाम विश्व में प्रसिद्ध करने वाले पंडित प्रदीप मिश्रा हमारे स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर हैं जिनके कारण आज हमारी नगर पालिका देश में और प्रदेश में अव्वल रही है। उनकी प्रेरणा से हम अब देश में सीहोर को सुंदर और स्वच्छता के साथ नशा मुक्ति का घर-घर देंगे संदेश उक्त विचार शहर के कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका के तत्वावधान में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राठौर और सभी पार्षदों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदेव पंडित प्रदीप मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बाला गुरु के, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, भाजपा नेता सन्नी महाजन और पंडित मोहित राम पाठक सहित अन्य का स्वागत-सम्मान किया। इस मौके पर शनिवार को दोपहर में नगर पालिका सीहोर द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए नशे से दूरी हैं जरूरी, जन जागरूकता अभियान के तहत किया प्रचार-प्रसार किया। शहर के कोतवाली चौराहे से क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि और स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जन-जन को जागरूक किया और मंच से संकल्प दिलाया गया। शनिवार को आयोजित रैली शहर के कोतवाली से होते हुए तहसील चौराहे गांधी पार्क में पहुंची जहां देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की।

### देर रात्रि तक की जाती साफ-सफाई

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि अब देश में नंबर वन आने के लिए हमारे द्वारा संकल्प लिया गया है। इसके लिए वार्ड स्तर पर भी रैली निकाली जाएगी और नुक्कड नाटक आदि का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र को नंबर वन लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं। सरकार ने कई स्वच्छता वाहन उपलब्ध कराएं हैं, जिससे प्रत्येक वार्ड में कचरा वाहन पहुंच सके और आसपास सफाई बनी रहे। नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नपा के सफाईकर्मी भी कोई कसर नहीं छोड़ रहें है। नगर में दोनों समय सुबह और शाम को विशेष रुप से सफाई की जा रही है। वहीं, कचरा वाहन भी दोनों समय डोर टू डोर जाकर कचरे को संग्रहण कर रहे हैं।

### कठोर कदम भी उठाए जाएंगे

वहीं नगर पालिका के सीएमओ सुधीर कुमार ने कहाकि देश में नगर को नंबर एक आने के लिए आज से ही तैयारियों को शुरू करना होगा, स्वच्छता एक दिन का काम नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं, स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह अपना लो कि वह आपकी आदत बन जाए। सभी दरोगा एवं और टू डोर चालकों को सफाई के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अब शहर में कोई भी कचरा सड़क पर या नाली में डालते पकड़ा गया तो संबंधित के विरुद्ध अर्थदण्ड की चालानी कार्यवाही स्थल पर ही सफाई दरोगा द्वारा की जायेगी। दो से तीन वार एक ही व्यक्ति के विरुद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही होती है तो ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध न्यूसेस की धारा 133 के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की और कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार कर भेजा जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निर्माणधीन कार्यों का मटेरियल सड़क किनारे जमा करे। कार्यपूर्ण होने पर पूर्ण सफाई की जवाबदारी निर्माणधीन व्यक्ति की होगी अन्यथा चालानी अर्थ दण्ड कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका सीहोर द्वारा सभी सम्मानीय नागरिकों से आग्रह है कि आपने घरो का कचरा सड़क पर या नाली में नहीं डाले केवल डोर टू डोर वाहन में ही कचरा डाले आपका एक कदम नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकता है।





## खबर संक्षेप

### जन्माष्टमी महोत्सव व चल समारोह को लेकर बैठक आज

**सीहोर।** सर्व यादव समाज सीहोर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य एवं विशाल चल समारोह आस्था-उत्साह के साथ निकाला जाएगा। आयोजन को लेकर 20 जुलाई को सुबह दस बजे शहर के यादव समाज धर्मशाला छोटी ग्वालटोली में आयोजित की गई है। जन्माष्टमी चल समारोह के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस वर्ष भी जन्माष्टी का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालन एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष के चयन किया जाना है।

### अमानक बीज बेचने वाले बीज विक्रय केंद्र का लाइसेंस निलंबित

**सीहोर।** सीहोर के लुनिया चौराहा स्थित मेसर्स कृषक समर्थ एग्री क्लीनिक बीज विक्रय केन्द्र पर अमानक बीज बेचने पर कार्रवाई की गई है और इस बीज विक्रय केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस दुकान द्वारा बीज विक्रय में नियमों एवं मापदंडों का उल्लंघन करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। दुकान द्वारा बेचे गए 20 क्विंटल सोयाबीन बीज (वैरायटी 1501 एवं 2433) में बुआई के बाद अपेक्षित स्तर का अंकुरण प्राप्त नहीं हुआ। किसानों को बीज से पर्याप्त अंकुरण नहीं मिल पाने के कारण व्यावसायिक एवं आर्थिक हानि हुई है। इसके साथ ही किसानों को बीज का हाथ से लिखा हुआ कच्च बिल भी प्रदान किया गया। इस संबंध में इस विक्रय केंद्र को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया पर कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। नियमों और प्रावधानों का उल्लंघन करने पर इस दुकान पर कई प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है।

### अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने वाली दुकान का लाइसेंस निलंबित

**सीहोर।** निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने पर बिलकिसगंज झागरिया स्थित दुकान मेसर्स धान्वी सीडस एण्ड पेस्टीसाईडस पर कार्रवाई की गई है और दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। इस दुकान द्वारा यूरिया एवं डीएपी उर्वरकों निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राप्त शिकायत के अनुसार इस दुकान द्वारा 320 रूपये प्रति बोरी की दर से यूरिया एवं 1800 रूपये प्रति बोरी की दर से डीएपी की बिक्री की गई और 2440 रूपये की राशि वसूल की गई है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में शिकायत मिलने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा संबंधित विक्रेता की दुकान का निरीक्षण किया गया और जांच की गई। जांच के दौरान विक्रय दरों में अनियमितता पाई गई।

# मध्यान्ह भोजन में स्वसहायता समूहों का फर्जीवाड़ा जांच हो तो सामने आएगा बड़ा घोटाला!

**जपं ने जिस समूह को मध्याह्न भोजन के काम से हटाया, झूठी रिपोर्ट से उसी समूह से भोजन बनवाता रहा शिक्षक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के स्कूलों में आए दिन शिक्षकों के नए-नए कारनामें सामने आते रहते हैं। इसी कड़ी में अब बरखेड़ा हसन संकुल केंद्र की प्राथमिक शाला हीरापुर में पदस्थ शिक्षक सईद खां का भी एक कारनामा सामने आया है। इसमें शिक्षक सईद खां ने जनपद पंचायत द्वारा हटाए गए किरण स्व-सहायता समूह की फर्जी रिपोर्ट पेश करके उससे मध्यान्ह भोजन बनवाता रहा और लाखों रुपए का आर्थिक लाभ भी पहुंचाया। इतना ही नहीं शिक्षक सईद खां ने सिस्टम की आंखों में धूल झोंककर किरण स्व-सहायता समूह के कार्य का नवीनीकरण भी करवा दिया।

जब यह मामला उजागर हुआ तो आनन-फानन में एसएमसी की बैठक बुलाई गई एवं प्रस्ताव पारित करके किरण स्व-सहायता समूह को हटाने की कार्रवाई की गई है। इस मामले में बीआरसी द्वारा जांच प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर के पास भेजा गया है। अब कलेक्टर द्वारा मामले में कार्रवाई की जाएगी। इधर सीहोर जिलेभर में मध्यान्ह भोजन में बड़ा फर्जीवाड़ा चल रहा है। यदि इन स्व-सहायता समूहों एवं स्कूलों की जांच की जाए तो बड़ा घोटाला सामने आएगा। हीरापुर में हुआ यह मामला तो सिर्फ एक बानगीभर है। हीरापुर स्कूल में सामने आई गड़बड़ी के बाद प्रशासन भी सक्रिय हुआ है। सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा की अध्यक्षता में अनुभाग स्तरीय मध्यान्ह भोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा ने सीहोर जनपद क्षेत्र में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना की विस्तृत समीक्षा की।

बरखेड़ा हसन संकुल केंद्र की प्राथमिक शाला हीरापुर में पदस्थ शिक्षक सईद खां ने जनपद पंचायत के आदेश को दरकिनार करके किरण स्व-सहायता समूह को लाभ पहुंचाया। कार्यालय जनपद पंचायत सीहोर के आदेश क्रमांक/278/जपं/एमडीएम/2024 द्वारा 23 जनवरी 2024 को समूह को गुणवत्ताहीन भोजन देने के कारण स्कूल और आंगनवाड़ी से हटा दिया था। इसके बावजूद शिक्षक ने झूठी रिपोर्ट बनाकर समूह को काम पर बनाए रखा। 7 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत ने फिर से पत्र जारी कर समूह को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद भी 19 फरवरी 2025 को शिक्षक सईद खां ने हस्तलिखित झूठा पालन प्रतिवेदन दिया कि भोजन एसएमसी द्वारा बनाया जा रहा है, जबकि किरण समूह ही भोजन बना रहा था। 3 जून को संस्था प्रभारी ज्योति राजोरिया जब हीरापुर स्कूल पहुंचीं, तब सईद खां ने उन्हें बताया कि भोजन का कार्य किरण समूह ही कर रहा है। इसी आधार पर समूह के अनुबंध पर हस्ताक्षर करवा लिए और बच्चों को भोजन देना शुरू कर दिया।

**संबंधित से रिकवरी की जाएगी**

जनपद पंचायत द्वारा पत्र जारी होने के बाद भी संस्था प्रभारी द्वारा स्व सहायता समूह से भोजन बनवाना जारी रखा गया। अधिकारियों द्वारा की गई जांच में जो अनियमितताएं पाई गई हैं उसके आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोषी तत्कालीन संस्था प्रभारी से रिकवरी करने के आदेश दिए गए हैं।

**अशोक वर्मा,** बीआरसीसी सीहोर

# बीच चौराहे पर गुंडागर्दी कर सब्जी वाले से अड़ीबाजी व मारपीट करने पर आरक्षक को किया निलंबित

**सीहोर।** सीहोर में पुलिस की कार्यशैली को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। हाल ही में मंडी क्षेत्र में एक सब्जी विक्रेता के साथ हुई घटना ने इसे और भी उजागर कर दिया है। गुरुवार की शाम को एक पुलिस आरक्षक ने सब्जी विक्रेता से शराब पीने के लिए पैसे मांगते हुए उसे डराने-धमकाने की कोशिश की। जब विक्रेता ने पैसे देने से इंकार किया तो आरक्षक ने उसके साथ मारपीट कर दी।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति और भी अधिक आक्रोश उत्पन्न हो गया है। बताया जाता है कि जब डराने-धमकाने के बाद भी सब्जी वाले ने आरक्षक को शराब पीने के रुपए नहीं दिए तो उसने सब्जी वाले से मारपीट कर दी। लोगों ने सब्जी वाले मारपीट के दृश्य के वीडियो बनाना शुरू कर दिया तो आरक्षक मौके से भाग खड़ा हुआ। यह घटना इस बात की पुष्टि करती है कि पुलिस की छवि आम जनता में काफी बिगड़ चुकी है और लोग अब पुलिस के खिलाफ खुलकर बोलने लगे हैं और अपनी बात रख रहे हैं। मामले का संज्ञान आने के साथ एएसपी सुनीता रावत ने मामले की जांच सीएसपी अभिनंदना शर्मा को दी थी।

सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने मामले की जांच में आरक्षक को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि आरक्षक लाइन में पदस्थ है। इसके चलते मामले की अगली कार्रवाई आरआई द्वारा भी की जाएगी।

**यह था मामला :** इस मामले में सब्जी बेचने वाले पुरुषोत्तम कुशवाह ने कहा कि वह मंडी में माता मंदिर के पास सब्जी का ठेला लगाता है। गुरुवार को भी उसने अपना सब्जी का ठेला लगा रखा था। इसी दौरान आए दिन की तरह एक पुलिस आरक्षक उसके पास आया और शराब पीने के लिए अड़ीबाजी करने लगा। मैंने कहा कि आज सब्जी का धंधा मंदा है। उसकी सब्जी नहीं बिकी है और वह रुपए नहीं दे सकता है। इस बात पर आरक्षक आग बबूला हो गया और रौब झारने लगा। इसके बाद मारपीट पर उतारू हो गया। जब लोगों ने मामले का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरक्षक मौके से भाग खड़ा हुआ।

पुरुषोत्तम ने बताया कि आरक्षक आए दिन उसके पास से अड़ीबाजी कर रुपए ले जाता था। वेतन नहीं मिलने सहित कई बहाने बनाकर सब्जी भी उधार ले गया, लेकिन कभी भी रुपए नहीं दिए। इससे परेशान होकर उसने गुरुवार को रुपए देने से मना कर दिया। मामले में एएसपी सुनीता रावत ने बताया कि कॉन्स्टेबल की पहचान ब्रह्मलाल धुर्वे के रूप में हुई थी। वह रक्षित केंद्र में तैनात है। ब्रह्मलाल के खिलाफ पहले भी गैरहाजिरी और अनुशासनहीनता की शिकायतें मिल चुकी हैं, जिनमें उसे पूर्व में दंडित भी किया गया है। उक्त वीडियो संज्ञान में आने पर संपूर्ण वस्तु स्थिति की जांच के लिए नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा को निर्देशित किया गया था।

## चेक बाउंस: दो मामलों में सश्रम कारावास और प्रतिकर का आदेश



**सीहोर।** चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय ने अभियुक्तों को सश्रम कारावास और प्रतिकर (मुआवजा) चुकाने का आदेश दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की धनखेड़ी, चांदबड़ शाखा की ओर से अधिवक्ता एमके गौर ने पैरवी की। पहले मामले में ग्राम कपूरी निवासी गायत्री बाई ने मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए 1 लाख रुपये का ऋण लिया था। 2 अगस्त 2023 तक उन पर बैंक का 66,540 रुपये बकाया था। भुगतान के लिए दिया गया चेक अपर्याप्त निधि के कारण अनादृत हो गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा कुमार उचाडिय़ा ने गायत्री बाई को दोषी पाते हुए दो माह का सश्रम कारावास और बैंक को 1 लाख रुपये का प्रतिकर चुकाने का आदेश दिया। प्रतिकर न देने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।दूसरे मामले में गुजरात कॉलोनी चांदबड़ निवासी गुलाब सिंह ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 60 हजार रुपये का ऋण लिया था। 21 अगस्त 2023 तक उन पर बैंक का 31 हजार 437 रुपये बकाया था। उनका दिया चेक भी फंड की कमी के कारण बाउंस हो गया। न्यायालय ने गुलाब सिंह को दोषी ठहराते हुए एक माह का सश्रम कारावास और बैंक को 45 हजार रुपये का प्रतिकर चुकाने का आदेश दिया। प्रतिकर न चुकाने की दशा में उन्हें 7 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# 21 जुलाई को निकाली जाएगी कुबेरेश्वरधाम तक विशाल कांवड़ झंडा यात्रा

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आशीर्वाद और प्रेरणा से विठलेश सेवा समिति नगर इकाई के तत्वावधान में विशाल कांवड़ एवं झंडा यात्रा का आयोजन सोमवार को सुबह नौ बजे शहर की जीवनदायनी मां सीवन के तट से आरंभ होगी। इस मौके पर नगर समिति के सभी सदस्य अपने परिवार के साथ शामिल होकर करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचेंगे और अभिषेक और आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सीवन नदी के तट से कांवड़ लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं के पेयजल, चाय, नाश्ते और भोजन प्रसादी की व्यवस्था के लिए अनेक सेवा पंडाल लगाए गए है। जिसमें सेवक के रूप में क्षेत्रवासी अपनी सेवा दे रहे है। इस क्रम में रविवार को सुबह ग्यारह बजे कावड़ यात्रियों के लिए सुबह दस बजे शहर के सोया चौपाल के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## मछली पकड़ने पर रोक के बाद भी हो रहा अवैध शिकार

# प्रतिबंध के बाद भी जिले भर में नदियों व तालाबों से बे-रोकटोक जारी है मत्स्यखोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है, इसके बावजूद नदियों और तालाबों में खुलेआम मछली पकड़ी जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा आदेश जारी कर स्पष्ट किया गया था कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन काल के दौरान मत्स्याखेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

क्लोज सीजन के तहत मछली पकड़ना, विक्रय और परिवहन तीनों पर पूरी तरह रोक है, लेकिन जिले में इसका पालन नहीं हो रहा है। अब तक सिर्फ एक दिन सोमवार को मत्स्य विभाग ने मछली बाजार में कार्रवाई की। सहायक संचालक मत्स्योद्योग प्रशांत हर्ष के मार्गदर्शन में गठित संयुक्त दल ने 45 किग्रा मछली जब्त कर नीलाम की थी।

जब टीम बाजार पहुंची, तो अवैध रूप से मछली बेच रहे व्यापारी मौके से भाग निकले। कार्यवाही दल में रीतेश कुमार चौधरी, विजेता गजाम, बीएम सिंह सिसोदिया, केसर सिंह भिलाला और नफीस अली शामिल रहे।

**तालाबों-नदियों में बिना रोकटोक मछली पकड़ रहे लोग :** हालांकि मछली बाजार में कार्रवाई जरूर हुई, लेकिन जिले के जलस्त्रोतों में कोई निगरानी नहीं की जा रही। कई तालाबों और नदियों में लोग सुबह से ही जाल और अन्य तरीकों से मछली पकड़ते देखे जा रहे हैं। क्लोज सीजन मछलियों की वंश वृद्धि और प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए लागू किया जाता है। इस दौरान मछली पकड़ने पर 5,000 रुपये जुर्माना या जेल अथवा दोनों सजा का प्रावधान है।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बंद ऋतुकाल का सख्ती से पालन कराया जाए, लेकिन मत्स्य विभाग की टीम सिर्फ नाममात्र की कार्रवाई कर रही है। इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नदियों और तालाबों पर निगरानी नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले वर्षों में मछलियों की संख्या में भारी गिरावट देखी जा सकती है। प्रशासन को सख्त और नियमित गश्त की आवश्यकता है।

# जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स को एक और मामले में न्यायालय से मिली क्लीनचिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





डेयरी प्रोडक्ट्स निर्माता कंपनी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स को एक बार और न्यायालय से बड़ी राहत प्राप्त हुई है। यह मामला "मिक्स बटर" के एक सैंपल की जांच से संबंधित था, जिसे एफएसएसएआई अधिकारियों द्वारा 27 सितम्बर 2023 को कंपनी के संयंत्र से एकत्र किया गया था। आरोप लगाया गया था कि नमूना तय मानकों पर खरा नहीं उतरा, लेकिन न्यायालय में चली सुनवाई में यह स्पष्ट हुआ कि सैंपलिंग प्रक्रिया में गंभीर त्रुटियाँ हुईं। न्यायालय ने यह भी माना कि एफएसएसएआई ने बिना उचित प्रमाणों के जल्दबाज़ी में लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माना लगाने का आदेश दिया, जो कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण और अवैध था। न्यायालय ने 18 जुलाई को सुनाए गए निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा कि कंपनी के फैक्ट्री से लिए गए बटर के सैम्पल की प्रक्रिया गलत तरीके से की गई थी, और यह नियमों के अनुरूप नहीं थी।इस आधार पर न्यायालय ने 31 जनवरी 2025 को पारित दंडात्मक आदेश को रद्द करते हुए कंपनी को पूरी तरह दोषमुक्त घोषित किया। जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. के निदेशक किशन मोदी ने बताया कि हम शुरू से ही खाद्य गुणवत्ता और नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करते आ रहे हैं। यह निर्णय हमारे लिए न केवल न्याय की जीत है, बल्कि उन लाखों ग्राहकों के विश्वास की भी पुष्टि है जो हमारी गुणवत्ता पर भरोसा करते हैं।

**खबर संक्षेप**



## आदिवासी समाज के मध्य जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया

**भैरूंदा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15 से 30 जुलाई 4 तक 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में थाना भेरूंदा द्वारा 18 जुलाई को आदिवासी समाज के बहुल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोशमी में नशामुक्ति जन जागृति कार्यक्रम नशे से दूरी है जरूरी का आयोजन किया गया जिसमे अति पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत उपस्थित रही। पुलिस द्वारा मुख्य रूप से समाज में बढ़ रहें नशे के प्रचलन के कारणों के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया, समाज के लोगों को महुआ से बनाई गई देसी शराब का उत्पादन एवं सेवन न करने की समझाइश दी गई। नशामुक्ति संबंधी पोस्टर व पम्पलेट का वितरण किया गया एवं हेल्प लाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई। सभी लोगों को नशे से दूर रहने एवं जागरूक बनने के संबंध में शपथ दिलाई गई।

### सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे, आवागमन में परेशानी, वाहन चालकों के साथ ही राहगीर हो रहे परेशान

# सीसी सड़क दरकने से 8 से 10 इंच तक की मोटी पड़ी दरारें, वाहन चालक हो रहे हादसों का शिकार

हाइवे की यही सड़क हरदा, इन्दौर भोपाल-हरदा मार्ग जोड़ती है। इधर राहगीरों का कहना है बोरखेड़ा ग्राम पंचायत ओर स्कूल पास सड़क में दो स्थानों पर गड्ढे बने हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

लगातार हुई बारिश में इन्दौर ,भोपाल मुख्य हाइवे की सड़क जर्जर हो गयी है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोपालपुर से भैरूंदा तक कई जगहों में सड़क पर सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे बन गये हैं. गड्ढों के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, और लोग घायल हो रहे हैं। विशेष कर दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। हाइवे की यही सड़क हरदा, इन्दौर भोपाल-हरदा मार्ग जोड़ती है। इधर राहगीरों का कहना है बोरखेड़ा ग्राम पंचायत ओर स्कूल पास सड़क में दो स्थानों पर गड्ढे बने हैं। उन्होंने ने कहा कि विभाग को राहगीरों,वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए यथाशीघ्र गड्ढे को दुरुस्त करना चाहिए।

**4-8 इंच के गहरे गड्ढे में तब्दील हुआ हाईवे**

इन्दौर ,भोपाल का मुख्य हाइवे भैरूंदा से गोपालपुर 22 किमी दूरी में सैकड़ों स्थानों में सड़क मार्ग पर 4 इंच से 8 इंच तक के बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। सड़क पूरी तरह जर्जर होने के कारण राहगीरों के लिए आए दिन हादसों का अंदेशा बने रहने के साथ परेशानी खड़ी हो रही है। ओर डामर भी उखड़ गया है। गड्ढों की भरमार के कारण सड़क पर चलना राहगीरों को मुश्किल का सफर बन गया है। बारिश के चलते गड्ढे में पानी जमा होने के कारण है कि सामने से आने वाले वाहनों का ध्यान रखना और वाहन का संतुलन बनाए रखने के साथ घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। ग्रामीणों व राहगीरों की मांग है कि गड्ढों को तुरन्त डामर लगाकर भरा जाना चाहिए।




**भैरूंदा।** भैरूंदा से गोपालपुर तक सैकड़ों स्थानों छोटे बड़े गड्ढों में तब्दील हुई सड़क



**भैरूंदा।** अतरौलिया मंडी के बीच सीसी सड़क में बनीं गहरी नालियां



**अतरौलिया, मंडी मार्ग की सड़क के बीच 6 इंच गहरी, नालियां बनी, हो चुकी हैं कई लोगों की मौत :** नगर के मुख्य सड़क को जोड़ती अंतरलिया से मण्डी तक की सीसी सड़क में अनेकों स्थानों पर सड़क के बीचों, बीच 6 इंच गहरी नालियां बनी हुई है। राहगीरों के दो पहिया वाहन के टायर नालियों में फंसने से दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। अतरौलिया जोड़ से लेकर भैरूंदा तक कई जगहों पर गहरी और लंबी नालियां बन हुई हैं। फिर भी जिम्मेदारों को यह नालियां नहीं दिखाई दी। रोजाना इस मार्ग पर सैकड़ों वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इससे पहले भी सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो चुकी है। इस मार्ग सड़क के बीचों बीच बनी नालियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं।

## भारती विद्या मंदिर में हुआ अलंकरण समारोह बच्चों ने संभाला विद्यालय का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




शनिवार को भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल नगर भैरूंदा में छात्र संगठन का भव्य कार्यक्रम के साथ गठन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी रोशन कुमार जैन और विशेष अतिथियों के रूप में भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम जी दांगी, विनय कुमार यादव (डायरेक्टर ), नेहा यादव सीईओ अरुण कुमार पाण्डे की उपस्तिथ रही। कार्यक्रम का शुभारंभ, विद्यालय के बैंड द्वारा एसडीओपी रोशन कुमार जैन को संगीतमय सैल्यूट दे कर किया गया।,इसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं विद्यालय की आध्यात्मिक गुरु माता निर्मला देवी के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर एवं श्री गणेश अथर्व शीश का पाठ कर किया गया। तदपश्चात छात्र संगठन का मार्चपास करते हुऐ ऊर्जावान आगमन हुआ सभी की अब तक की विद्यालय की यात्रा, पद एवं विशेषताओं का मंच से वर्णन किया गया, सभी अतिथियों ने मिलकर सभी छात्रों को सेशेस एवं बैचेस पहनाए। अरुण कुमार पाण्डे ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपत दिलाई एवं बड़े ही रोचक तरीके से सच्चे लीडर से साक्षात्कार करवाया। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने आलफा लीडर की व्याख्या करते हुए छात्र छात्राओं को अपने कर्म के प्रति जाग्रत किया । विध्यालय की प्रेसिडेंट कुमारी हंसिका पटेल ने अपने प्रथम भाषण से अपनी निष्ठा एवं समर्पण का प्रदर्शन कर समा बांध दिया। विनय कुमार यादव (निर्देशक) ने सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को इस अवसर पर बधाई दी, एवं कहा उनका यही उद्देश्य है की उनकी संस्थाओं में बच्चें केवल पढ़ना लिखना ही नही सीखे अपितु एक अच्छे लीडर,अच्छे व्यक्ति और एक अच्छे इंसान बनकर निकले,उन्होंने बताया, सच्चा नायक वही ही जो साधारण रहकर असाधारण कार्य करे न की असाधारण बनने की होड़ में लगे, उन्होंने कहा की लीडर स्वयं को ही आगे ना बढ़ाए अपितु पहले अपनी टीम को आगे बढ़ाए और पीछे से सहारा दे।

## अमरगढ़ झरने पर जाने को लेकर पुलिस ने किया मामला दर्ज, सैलानियों के काटे चालान







**बुधनी।** शाहगंज थाना अंतर्गत आने वाले अमरगढ़ वॉटरफॉल पर वाहन लेकर जाने के मामले में शाहगंज पुलिस ने कार एवं टाटा विंगर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेंनिट का छात्र शिवम सिंह श्रीनेत पुत्र राकेश कुमार श्रीनेत उम्र26 वर्ष अपनी कार क्रमांक यूपी32एल वाय3089 से अपने दोस्तों के साथ अमरगढ़ वॉटरफॉल घूमने आया था जबकि यहां आना जिला कलेक्टर के आदेश का सरासर उल्लंघन है इस पर शाहगंज पुलिस ने कार चालक शिवम सिंह श्रीनेत के खिलाफ बीएनएस की धारा423के तहत मामला दर्ज कर लिया है इसी तरह टाटा विंगर बस क्रमांक एमपी04वाय ऐ 4126 के चालक अमृतलाल कुशवाहा पुत्र काशीराम कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 जेल रोड सिलवानी जिला रायसेन पर भी बीएनएस की धारा 223 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है यह बस द्वारा लोगों को अमरगढ़ घुमाने लाया था उल्लेखनीय है कि11जून को जिला कलेक्टर द्वारा आदेश क्रमांक 906/एसडब्लू/2025द्वारा घटना दुर्घटनाओं के मद्देनजर नजर ऐसे स्थानो पर जाना प्रतिबंधित किया गया है वही एसडीएम दिनेश सिंह तोमर एसडीओपी रवि शर्मा तथा पुलिस विभाग एवं वन विभाग की टीम लगातार ऐसे स्थानों की निगरानी कर रही है लेकिन बावजूद इसके प्रतिबंधित क्षेत्र में लोग आना जाना कर रहे हैं।

## असंतुष्ट समर्पित जनसंघ और भाजपा के पुराने बुजुर्ग कार्यकर्ताओं का करेंगे सम्मान



**सीहोर।** सम्मान और सद व्यवहार को तरस रहे अपनी ही भाजपा सरकार से असंतुष्ट समर्पित पुराने जनसंघ और भाजपा के उम्रदराज कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने को लेकर शहर के वार्ड नंबर 14 अंतर्गत आने वाले दोहर मोहल्ले में शनिवार को बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक का शुभारंभ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण अर्पण कर बुजुर्ग भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा भाजपा नेता मनोज शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है लेकिन पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं का दर्द है कि उन्हें अब पहले जैसा सम्मान पार्टी में नहीं मिल रहा है यह बड़ी दुख की बात है कुछ कार्यकर्ताओं का यहां भी कहना है कि अब उनकी भाजपा के युवा नेता और जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नहीं है जबकि उन्हें सपने दिखाए गए थे कि जब हमारी सरकार होगी तो किसी को कोई भी परेशानी नहीं होगी लेकिन अब अपने ही सरकारी कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और सम्मान को भी तरसना पड़ रहा है ऐसे ही भूले बिछड़े जनसंगी और भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किए जाने का प्लान तैयार किया गया है सब एक साथ पहले की तरह मिलेंगे और अपने दुख सुख बाटेंगे।

बैठक में उपस्थित पुराने कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता सेवा यादव, हरीश विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाई गई और उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से श्यामलाल शर्मा हरि सिंह चावड़ा घिसीलाल विश्वकर्मा मदनलाल विश्वकर्मा शंकर लाल छाया बाबूलाल छाया रामदास बरेला मूलचंद छाया देवी सिंह तुलसीराम छाया मुंशीलाल राठौर प्रभु लाल, सतीश दोहरे ,विजय छाया, कल्लू राठौर, ताराचंद्र प्रजापति, नाथू सिंह भिलाला, जगन्नाथ प्रजापति, संतोष पाराशर, मुन्नालाल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में बुजुर्ग भाजपा कार्यकर्ता नागरिक मौजूद रहे।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी, के तहत शनिवार को शाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान और स्थानीय थाने की टीम द्वारा अटल चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा वाहनों में नशा मुक्ति संबंधी फ्लेक्स पंपलेट लगवाए गए वहीं उपस्थित जनों को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई गई।

## तत्काल बैठक का आयोजन कर कर्मचारियों की मौजूदगी में वार्ड की जमीनी समस्याओं पर खुली चर्चा करते हुए तत्काल समाधान के लिए निर्देश दिए गए

**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा वार्ड क्रमांक 11की सक्रिय पार्षद विद्या राजेश पंवार द्वारा जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था व सफाई व्यवस्था को लेकर शनिवार को तत्काल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जल, बिजली एवं सफाई विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी वार्ड की जमीनी समस्याओं पर खुली चर्चा करते हुए तत्काल समाधान हेतु निर्देश दिए गए। वार्ड पार्षद ने अपने वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक का आयोजन किया। जिसमें वार्डवासियों की सभी समस्या का समाधान तात्कालिक प्रभाव से किया गया। मुख्य तौर पर बैठक में बिजली, पानी, सड़क सफाई, कार्य की समस्या पर चर्चा की गई तथा पार्षद द्वारा वार्ड वासियों की समस्याओं का निदान मौके पर ही किया गया।इस दौरान पार्षद विद्या राजेश पंवार ने कहा जनहित में लिया गया हर निर्णय, वार्डवासियों को समर्पित है, वार्ड क्रमांक11 नगर परिषद भैरूंदा जनसेवा, सर्वोपरि जल, बिजली, सफाई समाधान करना पार्षद की जिम्मेदारी है।



## नशे से दूरी है ज़रूरी: ग्रामवासियों के बीच पुलिस ने नशामुक्ति अभियान चलाया



**भैरुंदा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 15जुलाई से 30जुलाई तक आयोजित 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी भैरुंदा रोशन जैन के मार्गदर्शन मे थाना गोपालपुर पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी अंतर्गत ग्राम रानीपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया।ग्रामवासियों को नशे के आदि व्यक्तियों एंव परिवार वालों को नशा मुक्ति पुनवास केंद्र की जानकारी जिला लेवल पर नशा पुनर्वास केंद्र के संबंध में मोबाइल नंबर साझा किए गए सुझाव देने के साथ एंव शपथ दिलवाई गई सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से नशे मे लिप्त व्यक्तियों को परामर्श एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया गया एवं बच्चों से नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में उनको जानकारी व उनके व्यक्तिगत अनुभव साझा किये। पोस्टर व पंपलेट का वितरण किया गया एवं नशे से दुष्प्रभाव, हेल्प लाइन नंबर 14446 आदि के संबंध में जानकारी दी गई। गोपालपुर थाना प्रभारी ने अपने फोन नम्बर सांझा किए एवं महिलाओं से शराब संबंधी शिकायत एवं सुझाव चर्चा की गई। कार्यक्रम में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, गोपालपुर थाना प्रभारी महेंद्र गोड़ ,एंव पुलिस स्टाफ, ग्रामवासी महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

### बरखेड़ा खरेट सड़क पर गड्ढे देख विधायक सुदेश राय अधिकारियों पर भड़के

# फटकार के बाद तत्काल अधिकारियों ने भरे सड़क के गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बरखेड़ा खरेट सड़क पर गडढे देखें तो विधायक सुदेश राय नाराज हो गए गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने घटिया सड़क को लेकर शिकायतों का पुलिंदा ही खोल दिया, जिस के बाद विधायक सुदेश राय की नाराजगी देखते ही देखते गुस्से में बदल गई और उन्होने मौके से ही मोबाईल पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी को फटकार लगा दी। विधायक के गर्म तेवर देखकर घवराया हुआ अधिकारी मौके पर बजरी मुरम से भरा डंपर लेकर पहुंच गया और दोराहा नहर से बरखेड़ा खरेट तक की सड़क पर हुए गडढ़ों को बजरी मुरम डालकर समतल कर दिया। विधायक राय के तत्कालिक एक्शन से ग्रामीण भी चकित हो गए। पूरा मामला शुक्रवार दोपहर का है विधायक सुदेश राय विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के भ्रमण पर थे इस दौरान उन्होने अपने ड्रायवर को बरखेड़ा खरेट चलने के लिए निर्देशित किया। कुछ ही दूर चलने पर कुछ साल पहले ही बनाई की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क पर हुए गहरे गडढो के कारण उनका वाहन अनियंत्रित होने लगा, बताया जाता है कि इस सड़क को लेकर पहले भी ग्रामीणों के द्वारा विधायक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। विधायक राय को निरीक्षण के दौरान सड़क पर गडढें मिले और उन्होने आधे रास्ते में रूक कर ग्रामीणों को बुलाया और प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी गौस्वामी को कॉल किया। इस तरह ग्रामीणों की समस्या का निराकरण हो गया।





## पंकज शर्मा जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त



**सीहोर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के अनुमोदन और मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मुकेश नायक की सहमति से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सीहोर जिला मीडिया प्रभारी हर्ष जैन ने सीहोर नगर के युवा कांग्रेस नेता पंकज शर्मा को सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। पंकज शर्मा पार्टी द्वारा दिए गए सभी दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी से निर्वहन करते हैं और पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों के साथ खड़े रहने के साथ ही सत्तापक्ष की जनविरोधी नीतियों का सकारात्मकता के साथ रचनात्मक विरोध करते हैं, उनकी इसी कार्यक्षमता और कुशलता को देखते हुए ही उनको प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस प्रवक्ता की इतनी बड़ी और अतिमहत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंकज शर्मा के जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त होने से सीहोर जिले के सभी कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, कैलाश परमार, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, शैलेन्द्र पटेल, हरीश राठौर, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, राहुल यादव, नईम नवाब, गुलाब बाई ठाकुर, रजनी शर्मा, सीताबाई मालवीय, प्रीति भारती, पवन राठौर, विक्रम मस्ताल शर्मा, कमलसिंह चौहान, शशांक सक्सेना, महेश राजपूत, केशव चौहान, हरपाल ठाकुर, कपिल उपाध्याय, सीतारानी चौरसिया आदि शामिल हैं।

## पुलिस व अहिंसा वेलफेयर की टीम पहुंची कालीपीठ स्कूल

# बाल तस्करी, बालश्रम और नशे के दुष्प्रभावों पर बच्चों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कालीपीठ हायर सेकंडरी स्कूल में मानव तस्करी, बाल तस्करी, बालश्रम और नशे के दुष्परिणामों को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग और अहिंसा वेलफेयर की टीम ने संवाद सत्र में विद्यार्थियों को समाज में बढ़ रही इन समस्याओं के प्रति सजग और जागरूक रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में कालीपीठ थाना प्रभारी जीतेंद्र अजनारे ने विद्यार्थियों संवाद करते हुए कहा कि नशा किसी भी रूप में शरीर और मन दोनों के लिए नुकसानदायक है। कई परिवार नशे की वजह से बर्बाद हो चुके हैं, इसलिए समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस बुराई के खिलाफ खड़ा हो। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है। यदि कोई व्यक्ति उन्हें नशे के लिए उकसाता है, या किसी भी प्रकार से परेशान करता है, तो वे निडर होकर पुलिस से संपर्क करें। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पुलिस अब "चाइल्ड फ्रेंडली" है, और बच्चों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

### परिवार और भविष्य को नष्ट कर देता है नशा

अहिंसा टीम के मनीष दांगी ने संवाद के दौरान विद्यार्थियों से कहा कियदि मोहल्ले और गांव के युवा ठान लें कि उन्हें नशा मुक्त समाज बनाना है, तो अवश्य होगा। नशा युवाओं की ऊर्जा और भविष्य दोनों को बर्बाद कर देता है, इसलिए इसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन परियोजना समन्वयक रजनी प्रजापति ने बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह और बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा डर, शोषण या किसी अन्य संकट की स्थिति में है, तो अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, पुलिस या जिला प्रशासन से संपर्क कर मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई।

### अवैध दवा संग्रहण पर छापामार कार्रवाई, भारी मात्रा में दवाएं जब्त



सारंगपुर। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सारंगपुर समीप ग्राम मऊ में स्थित मेसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज से अवैध रूप से संग्रहित भारी मात्रा में सेक्स वर्धक दवाएं जब्त की हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक की टीम ने यह छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान संचालक मुकेश जाट के पास से कई प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवाएं बरामद की गईं। दवाओं का संग्रह बिना वैध लाइसेंस के किया जा रहा था, जो औषधि नियंत्रण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रशासन ने संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध दवा बिक्री एवं संग्रहण करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के प्रति जताया विरोध

# राजपूत सरदारों ने हरदा कलेक्टर व एसपी को हटाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिनों हरदा जिले में करणी सैनिकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध स्वरूप जिले के अनेकों राजपूत सरदार शुक्रवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां सभी ने हरदा की घटना पर अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए हरदा कलेक्टर, एसपी सहित संबंधित अधिकारियों को हटाने सहित अन्य मांगे रखीं।

करणी सेना परिवार, राजपूत समाज, अभा क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में हरदा मामले से जुड़े पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग रखी गई। इसके साथ ही करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर पर हमला करने वाले पुलिसकर्मियों पर हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, हरदा के छात्रावास में एवं आम नागरिकों के साथ की गई बर्बरता, वाहनों में तोड़फोड एवं शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों पर हमला करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही मांग मुख्यमंत्री से रखी गई।

### निर्दोषों पर बनाए गए झूठे प्रकरणों का करें खात्मा

*करणी सेना परिवार जिलाध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह सहित अन्य राजपूत सरदारों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग रखी कि पूरे प्रकरण में जिन निर्दोष व्यक्तियों पर झूठे प्रकरण दर्ज किए गए हैं केसों का अविलंब खात्मा करवाया जाए। इसके साथ ही हरदा के छात्रावास में घुसकर जिस तरह मारपीट की गई, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री से संपूर्ण घटनाक्रम पर सज्ञान लेते हुए उचित एवं निष्पक्ष कार्यवाही की मांग रखी गई है।*



### आराधना नगर अध्यक्ष व कुलदीप सिंगी नगर मंत्री बने

राजगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजगढ़ नगर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं विभाग संयोजक अमन व्यास ने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी साझा की। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते अपेक्षा की कि सभी युवा छात्रहित एवं सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए अपनी सक्रिय भूमिका के साथ कार्य करेंगे। नवगठित कार्यकारिणी में आराधना यादव नगर अध्यक्ष, कुलदीप सिंगी नगर मंत्री, कपिल साहू, वंशिका दुगारिया, तुषार साहू, आकाश मेवाड़े, पंकज गुर्जर, युवराज तोमर को नगर सहमंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही दशरथ तंवर, राजेश दांगी महाविद्यालय प्रमुख नितिज्ञ उरंकर एवं बुलबुल सेन विद्यालय प्रमुख, हर्ष गुर्जर को एसएफडी प्रमुख, कान्हा दांगी एसएफडी सहप्रमुख, सोनू दांगी एसएफएस प्रमुख, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख दीपिका मेवाड़े, खेलो भारत प्रमुख अदनान खान, खेल भारत सह-प्रमुख राजेश गुर्जर एवं बलराम मेवाड़े, सुनील वर्मा को क्रमशः छात्रावास प्रमुख एवं सह-प्रमुख बनाया गया है।

# तकनीकी मापदंडों की अनदेखी सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## वार्ड 18 में 40 लाख की लागत से चल रहा निर्माण कार्य



**सारंगपुर।** नगर के वार्ड 18 जयनगर में करीब 40 लाख की लागत से बनाई जा रही सीसी सड़क पर वार्डवासियों ने निर्माण कार्य पर सवाल खड़े करते हुए मीडिया से कहा कि निर्माण एजेंसी ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता निर्माण कार्य में अनियमितताओं के साथ तकनीकी मापदंडों का उल्लंघन करते हुए अमानक सामग्री का उपयोग चर्चाओं में है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाए है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है।

नागरिकों का कहना है कि जिस क्वालिटी की सीमेंट, रेत उपयोग में लाई जा रही है, वह निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े करते हैं। सड़क की मोटाई असंतोषजनक है। निर्माण स्थल पर न तो किसी प्रकार की तकनीकी निगरानी दिख रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति। नपा प्रशासन द्वारा पारदर्शिता के नाम पर बड़े-बड़े दावे जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। लोगों ने मांग की है कि इस कार्य की जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

स्थानीय अधिकारियों से जब इस मामले में प्रतिक्रिया चाही गई तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस मामले में वार्ड के एक रहवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे क्षेत्र में घटिया सड़क बनाई जा रही है, बारिश में यह ज्यादा समय नहीं टिकेगी। जनता का पैसा यूं ही बहाया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा निर्माण स्थल पर निरीक्षण दल भेजा जाए व गुणवत्ता की जांच कराई जाए।

### जांच की जाएगी...

सीसी सड़क की थिकनेस कम करता है। ठेकेदार को पेमेंट कम कर देंगे, रही गुणवत्ता की बात तो जांच की जाएगी।

**विक्की ब्राह्मण, नपा इंजीनियर सारंगपुर**

# दुर्घटना में गंभीर घायल पुलिसकर्मी ने तोड़ा दम

## टोल नाके के समीप हुआ था एक्सीडेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



गत 10 जुलाई को एनएच-52 पर टोल नाके के समीप ब्यावरा से अपनी बाइक पर आ रहे पुलिसकर्मी सतीश भटनागर को बाइक चलाने के दौरान अचानक चक्कर आ गए थे। इससे बाइक असंतुलित होकर नीचे गिर गई थी और भटनागर के सिर में गहरी चोंटे आई थीं। घटना के बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें निजी वाहन से राजगढ़ जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां से प्राथमिक इलाज उपरान्त उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया था। बीते एक हफ्ते से वे कोमा जैसी स्थिति में थे। शुक्रवार शाम अंततः इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक सतीश भटनागर शुरू से शांत और गंभीर प्रवृत्ति के थे। उनकी मृत्यु का समाचार मिलने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार शाम हुए उनके अंतिम संस्कार में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित नगर के अनेकों प्रबुद्धजन शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### टोल एम्बुलेंस का डीजल रास्ते में हुआ था खत्म

आपको बतादें कि 10 जुलाई को हुई उक्त दुर्घटना के उपरान्त भटनागर को जब टोल नाके की एम्बुलेंस से अस्पताल लाया जा रहा था, उस समय एम्बुलेंस का डीजल रास्ते में ही खत्म हो गया था। बाद में अन्य वाहन से उन्हें जिला अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई गई थी।

## बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, व्यक्तित्व विकास व योग के विषय पर बच्चों को दी जानकारी

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से चलाया अभियान



**कुरावर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार कुरावर के माध्यम से नगर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सीएम राइस स्कूल, डायनेमिक पब्लिक स्कूल, वैभव कॉन्वेंट स्कूल, कृष्णा हाइट पब्लिक स्कूल एवं होली एंजिल्स स्कूल में विगत दिनों कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन विशिष्ट कार्यक्रमों में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में उच्च शिक्षारत कुमारी चेतना राठौर द्वारा बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, व्यक्तित्व विकास एवं योग के विषय पर बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को भारतीय संस्कृति संस्कार एवं मानसिक, बौद्धिक विकास के वैज्ञानिक विधि के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ कुरावर के वरिष्ठ परिजन गणेश माहेश्वरी, भारत सिंह राठौर एवं वेद प्रकाश राठौर द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों एवं आचार्य श्रीराम शर्मा के विचारों के परिचय के साथ हुआ। सभी विद्यालयों के शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई।

### पटेल पार्क के पीछे गिरी दीवाल, नपाध्यक्ष ने तुरंत की कार्रवाई

**अशोकनगर।** नगर के पटेल पार्क क्षेत्र के पीछे स्थित लगभग 70 फीट लंबी सुरक्षा दीवार शुक्रवार को सुबह से हो रही भारी वर्षा के कारण गिर गई। जिसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान एवं परिषद के सदस्यों के साथ मौके पर पहुँचकर गिरी हुई दीवाल और उक्त स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मानोरिया ने क्षेत्रवासियों से चर्चा करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही दीवार के पुनर्निर्माण करवाये जाने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए। ताकि नगर की सुरक्षा एवं नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। मानोरिया ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। तथा कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। नगर पालिका परिषद अशोकनगर नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा एवं संरचनात्मक मजबूती के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और किसी भी आपदा या असुविधा की स्थिति में त्वरित कार्यवाही की नीति पर कार्य किया जा रहा है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में वॉलीबॉल रीजनल मीट का समापन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल





पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय अरनिया कला में आयोजित वॉलीबॉल रीजनल मीट 2025 का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में उड़ीसा, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्लस्टरों से आए हुए 260 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संतोष टैगोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला जनपद शाजापुर रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार राजे द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेल शिक्षक दिनेश कुशवाह एवं कीर्ति राय ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर उड़ीसा की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत मिथिलेश कुमार, बीएल सिंह ने किया।

# नगर परिषद ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



**जीरापुर।** मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत नगर परिषद द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में नगर में लगभग 155 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम टांक , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ,लखन तोमर ,हेमंत जोशी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि सहित परिषद सदस्यों का नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा ने फूल माला पहनाकर साफा बांधकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पंडित नंदकिशोर शर्मा ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण करके खिलचीपुर नाके के समीप भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया। इस भूमि पूजन के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 2 से 15 तक नगर के विभिन्न गली मोहल्लों , कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य होगा। जिससे शहर के रोड व गलियां सुंदर होकर गड्ढे मुक्त हो जाएगी। विधायक दांगी ने कहा कि नगर व क्षेत्र में आगे भी इसी प्रकार विकास कार्य होते रहेंगे तथा इन विकास कार्यों में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी ऐसा उन्होंने भरोसा दिलाया। हमेशा मुलभुत सुविधाओं को ध्यान में रखकर नगर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने परिषद सदस्यों और उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से भी आह्वान किया कि यह नगर हमारा है और हम सबका कर्तव्य की हम अपने नगर का मिलजुल कर विकास करें और इसमें सभी तन मन से सहयोग प्रदान करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की हिदायत भी दी। कार्यक्रम में हनुमान पाटीदार, शिवचरण मण्डलोई , मुकेश पुष्पद, बंकट माहेश्वरी,कमल झावा, गिरिराज जुलानया, कुशल कुशवाह, पूरीलाल दांगी शंभू लाल, वर्मा सुनील हिंडोनिया मनोहर बरेठा जनपद सदस्य कुशाल मंडलोई, श्याम टेलर आदि गणमान्य नागरिक सहित नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, रमेशचंद्र नाथ, देवनारायण दांगी, ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन कमल भावसार ने किया तथा हेमंत जोशी ने आभार व्यक्त किया।

## परिवारों को संस्कारवान बनाने पर दिया जोर

# प्रवचन के साथ गुरु पूजन और पादुका पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखंड परमधाम आश्रम ब्यावरा में राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर परमानंद महाराज का आगमन हुआ। शुक्रवार को उनके प्रवचन के साथ गुरु पूजन और पादुका पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमानंद महाराज ने अपने प्रवचन में आत्मा की पवित्रता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे आकाश कभी गंदा नहीं होता, वैसे ही हमारी आत्मा भी पवित्र है। उन्होंने लोगों को बुराइयों से दूर रहने और एक-दूसरे से प्रेमपूर्ण व्यवहार करने की सीख दी। महाराज ने भारत के इतिहास का जिक्र करते हुए अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मन को पवित्र रखना और सद्व्यवहार ही देश के विकास का मार्ग है। उन्होंने ईश्वर के प्रति समर्पण और सामाजिक एकता पर भी बल दिया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पादुका पूजन में शामिल हुए।



कार्यक्रम में राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार, सांसद रोडमल नागर, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**ब्रह्मज्ञानी के दर्शन से मिलता है पुण्य:** गुरु पूजन कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज ने कहा कि सारे तीर्थ घूमने से जो पुण्य प्राप्त होता है वही पुन्य ब्रम्ह ज्ञानी के दर्शन से मिलता है। इसलिए मनुष्य के जीवन में साधु संतों का सत्कार और उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर होता है। शास्त्रों में कहा गया है की भले ही भगवान की शरण छोड़ो, लेकिन गुरु की शरण कभी नहीं छोड़ना चाहिए। वही आपको भगवान तक लेकर जाएंगे।

**परिवार को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया :**उन्होंने कहा कि आज के युग में चरित्र निर्माण की आवश्यकता है। बच्चों के चरित्र का शोधन करो। उन्हें स्वधर्म पर चलना सिखाइए। ताकि कोई छांगुर बाबा उनको छल नहीं सके। उन्होंने यूपी के धर्मांतरण करने वाले छांगुर बाबा का उदाहरण दिया और कहा कि स्वयं को ऐसे बाबाओं और अपने बेटे बेटियों को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा जो धर्म की रक्षा नहीं करता, धर्म उसकी रक्षा नहीं करता। अपने धर्म को बड़ा बनाओ, राष्ट्रवादी बनो। उन्होंने धनवान लोगों से आह्वान किया हमारा धन शोषित, वंचित, पिछड़े समाज में लगे इसका विचार करना चाहिए।

आरोपी सोने की अंगूठी और 5 हजार लूटकर फरार हो गए थे

# आगरा के 4 लुटेरों ने बीना के युवक को लूटा, पुलिस ने 4 घंटे में गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर में हुई एक लूट की वारदात को कोतवाली पुलिस ने महज 4 घंटे के भीतर सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में लूटी गई सोने की अंगूठी, 4,000 नकद राशि और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलों सहित कुल 2.34 लाख का मशरूका बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी राजेश पुत्र नारायण प्रसाद राय, निवासी बीना जिला सागर हाल निवासी तलैया मोहल्ला गुना ने 17 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सुबह जयस्तंभ चौराहा से हनुमान चौराहा की ओर जाते समय, जैसे ही वह पटेरिया भोजनालय के पास पहुँचा, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उसे रोका। आरोपियों ने उसकी उंगली में पहनी सोने की अंगूठी और जेब में रखे 5,000 लूट लिए और वहां से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर एएसपी मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। कंट्रोल रूम से प्राप्त फुटेज में दो मोटरसाइकिलों पर चार संदिग्ध युवक नजर आए, जिन्हें फरियादी ने पहचान लिया। इसके बाद पुलिस टीम ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली। मुखबिर से सूचना मिली कि चारों आरोपी गादेर की ओर मोटरसाइकिलों से जाते देखे गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई और गादेर घाटी क्षेत्र में चारों संदिग्धों को मोटरसाइकिल से भागते हुए देखा गया। पुलिस ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए सभी को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनोज कुमार जोगी पिता बच्चनलाल जोगी (48), रोहित गोस्वामी पिता राजेश गोस्वामी (23), दीपक गोस्वामी पिता गंगाराम गोस्वामी (27) एवं राजेश जोगी पिता राधेश्याम जोगी (36) सभी निवासी शाहगंज, आगरा (उत्तर प्रदेश) बताए। सभी आरोपियों ने लूट की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की अंगूठी, 4,000 नकद और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें (कीमत 1.70 लाख) बरामद कीं। आरोपियों ने बताया कि 1,000 उन्होंने खाने-पीने में खर्च कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### जावर मंडल में सांसद ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**जावर।** देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने जावर में वरिष्ठ नेता स्व मेहरबान सिंह चाचा और कोक सिंह, कृपाल सिंह के पिताजी स्व कमल सिंह ठाकुर और गजराज सिंह की माता स्व गुलाब बाई ठाकुर, करण सिंह की धर्मपत्नी स्व मिशर बाई के दुखद निधन पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर मंडल जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टीबी मरीजों को किए फूड बास्केट वितरित



**आष्टा।** भारत सरकार द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निश्चय मित्र योजना के तहत विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा टी.बी. मरीजो को गोद लेकर उनकी संपूर्ण उपचार अवधि के दौरान प्रत्येक माह पोषक आहार प्रदाय करने की जिम्मेदारी ली गई है। शनिवार को बीएमओ डॉ. अमित गणेश माथुर ने मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया।

### पीएम आवास अटल कॉलोनी में रोड नहीं होने से लोग उठा रहे परेशानी

# अटल कॉलोनी: 4 साल में नहीं बनी सड़क मूलभूत सुविधाओं से भी महरूम रहवासी

कॉलोनी के रहवासी कई बार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से लगा चुके गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा





बारिश के चार महीने कई कॉलोनी में परेशानी का कारण बन जाते हैं क्योंकि उन कॉलोनी में अभी भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है शहर के बाईपास, मुगली रोड, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग की कई कॉलोनी में आज भी सड़क नहीं होने कारण बारिश में लोगों को दिक्कत होती है इसी तरह शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर पीएम आवास अटल कॉलोनी में लोगों को बारिश में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है सड़क नहीं होने कारण कॉलोनी में कीचड़ ही कीचड़ हो रहा है। बता दे की करीब 4 साल पहले सरकार ने पुराना भोपाल इंदौर दरगाह के पास पीएम आवास अटल कॉलोनी बसाई थी यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को योजना का लाभ देकर यहां पर मकान बनाए गए हैं 500 के लगभग मकान में यहां हितग्राही रहने को भी आ गए हैं लेकिन 4 साल में यहां पर नगर पालिका मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कर पाई ।

#### बारिश में होती है दिक्कत

कॉलोनी के रहवासी रमेश चंद्र गुप्ता, रवि राठौर ने बताया है कि 4 साल में यहां पर नगर पालिका रोड नहीं बन पाई है रोड नहीं होने कारण बारिश में कीचड़ हो जाता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कॉलोनी वासियों ने रोड बनाने की मांग की ताकि लोगों को परेशानी ना उठाना पड़े। कॉलोनी वासियों ने वार्ड पार्षद रवि शर्मा को भी कॉलोनी की समस्याओं से अवगत करा दिया लेकिन अभी तक समस्याएं हल नहीं कि ।

#### कॉलोनी वासियों की यह हैं प्रमुख मांगें

पीएम आवास अटल कॉलोनी के लोगों के अनुसार यहां पर जल्द से जल्द नल कनेक्शन दिए जाएं साथ ही स्थाई बिजली कनेक्शन दिए जाएं ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ाई जाए क्योंकि ज्यादा लोड होने कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है,जहां रोड नहीं बने हैं कॉलोनी में रोड बने, नालियों का ढाल सही हो , जहां-जहां टंकियां रखी है वहां पर हैंडपंप लगाए जाएं,आंगनवाड़ी भवन सहित कई मांगे हैं। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि जहां-जहां कीचड़ है वहां चूरी डाली जा रही है रोड भी जल्द ही बनाए जाएंगे।

# फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंटों ने किस्त जमा नहीं करने पर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों के रिकवरी एजेंट के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि किशत जमा नहीं होने पर उपभोक्ताओं से मारपीट करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं ऐसा ही एक मामला आष्टा से सामने आया है जहां प्राइवेट वास्तु नामक फाइनेंस कंपनी के लोन रिकवरी एजेंटों ने रहवासी इलाके में बेखौफ गुंडागर्दी करते हुए उपभोक्ता के साथ जमकर मारपीट की। ऐसे में पीड़ित ने वास्तु फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है वही पुलिस अब रिकवरी एजेंट की तलाश में जुटी है। जल्द ही मारपीट करने वाले रिकवरी एजेंट और वास्तु फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों पर कार्यवाही कर सकती है

#### यह है पूरा मामला

जानकारी अनुसार मेवाड़ा कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश ने थाना में प्रकरण दर्ज कराते हुए बताया की में टाइल्स का व्यवसाय करता हूं। मैंने 2 वर्ष पूर्व वास्तु फाइनेंस कंपनी से 20 लाख रुपए होम लोन कराया था। जिसकी मासिक किस्त 25,900 आती है। जो प्रतिमाह 5 तारीख को भरता हूं। इस माह 05 तारीख को वास्तु फाइनेंस की किस्त भरने में चुक गया और इस कारण से वास्तु फाइनेंस कंपनी से मुझे लगातार फोन आ रहे थे। 17 जुलाई की सुबह में जयपुर से आष्टा आया था दोपहर एक बजे के करीबन में नाहने जा रहा था कि हमारे दरवाजे की घंटी बजी तो मेरी पत्नी आशा मेवाड़ा ने दरवाजा खोला तो दरवाजे पर 2 व्यक्ति खड़े थे जो अपने आप को वास्तु फायनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट बता रहे थे। मेरी पत्नी से कहा की ओमप्रकाश कहां है तो मेरी पत्नी ने मुझे दरवाजे पर बुलाया और कहा की कोई फाइनेंस वाले आये है में भी दरवाजे के पास आया तो घर के बाहर दो लोग एक ने टीशर्ट व दूसरे ने शर्ट पहन रखी थी और मुझसे कहने लगे की हमारा फोन क्यो नहीं उठा रहे हो और इस माह की किस्त अभी तक क्यों नहीं भरी मैने कहा की मैं काम से बाहर गया था आज ही आया हूं तभी दोनो लोग मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगे और कहने लगे की किस्त क्यों नहीं भर रहे। बिठाओ इसे गाड़ी पर मैने गाली देने से मना किया तो एक शख्स ने हाथ में पकड़ी किसी वस्तु से मेरे सिर पर हमला कर मार दिया। जिसके सिर से खून बहने लगा और दूसरे ने डण्डे से मारा जो मेरे दाहिने तरफ पसली पर मारा जिससे मुझे लंबी चोट आयी है चिल्ला चोट की आवाज सुनकर मोहल्ले वाले इकट्ठे हो गये जिन्हें देखकर वो दोनो लोग मोटर सायकल लेकर भाग गये। मोहल्ले वाले ने पकड़ने का प्रयास भी किया पर पकड़ में नहीं आये।

#### प्रकरण दर्ज, गिरफ्तारी का इंतजार

मेवाड़ा कालोनी निवासी प्रकाश मेवाड़ा के साथ मारपीट और गाली गलौज करने वाले वास्तु फाइनेंस कंपनी के दोनों रिकवरी एजेंटों के खिलाफ पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया है लेकिन अज्ञात में, अब आष्टा पुलिस को इन अज्ञात रिकवरी एजेंटों को ज्ञात कर गिरफ्तार करना बाकी है और जानकारी मिल रही है कि जल्द ही पुलिस इन गुंडे रिकवरी एजेंटों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर सलाखों के पीछे पहुंचा सकती है।

**कर रहे जांच**

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है जल्द ही जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**गिरीश दुबे,** थाना प्रभारी

# श्रोताओं को शिव महापुराण की कथा का सुनाया विस्तृत वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

शिवपुराण एक प्रमुख तथा सुप्रसिद्ध पुराण है, जिसमें परात्पर परब्रह्म परमेश्वर के शिव कल्याणकारी स्वरूप का तात्त्विक विवेचन, रहस्य, महिमा व उपासना का सुविस्तृत वर्णन है। भगवान शिवमात्र पौराणिक देवता ही नहीं, अपितु वे पंचदेवों में प्रधान, अनादि सिद्ध परमेश्वर हैं एवं निगमागम आदि सभी शास्त्रों में महिमामण्डित महादेव हैं। वेदों ने इस परमतत्त्व को अव्यक्त, अजन्मा, सबका कारण, विश्वपंच का स्त्रष्टा, पालक एवं संहारक कहकर उनका गुणगान किया है।

श्रुतियों ने सदा शिव को स्वयम्भू, शान्त, प्रपंचातीत, परात्पर, परमतत्त्व, ईश्वरों के भी परम महेश्वर कहकर स्तुति की है। परमब्रह्म के इस कल्याण रूप की उपासना उटच्च कोटि के सिद्धों, आत्मकल्याणकामी साधकों एवं सर्वसाधारण आस्तिक जनों-सभी के लिये परम मंगलमय, परम कल्याणकारी, सर्वसिद्धिदायक और सर्वश्रेयस्कर है। शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि देव, दनुज, ऋषि, महर्षि, योगीन्द्र, मुनीन्द्र, सिद्ध, गन्धर्व ही नहीं, अपितु ब्रह्मा-विष्णु तक इन महादेव की उपासना करते हैं। इस पुराण के अनुसार यह पुराण परम उत्तम शास्त्र है। इसे इस भूतल पर भगवान शिव का वाङ्मय स्वरूप समझना चाहिये और सब प्रकार से इसका सेवन करना चाहिये। इसका पठन और श्रवण सर्वसाधनरूप है।

इससे शिव भक्ति पाकर श्रेष्ठतम स्थिति में पहुँचा हुआ मनुष्य शीघ्र ही शिवपद को प्राप्त कर लेता है। इसलिये सम्पूर्ण यत्न करके मनुष्यों ने इस पुराण को पढ़ने की इच्छा की है- अथवा इसके अध्ययन को अभीष्ट साधन माना है। इसी तरह इसका प्रेमपूर्वक श्रवण भी सम्पूर्ण मनोवंछित फलों के देनेवाला है। भगवान शिव के इस पुराण को सुनने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है तथा इस जीवन में बड़े-बड़े उत्कृष्ट भोगों का उपभोग करके अन्त में शिवलोक को प्राप्त कर लेता है। यह शिवपुराण नामक ग्रन्थ चौबीस हजार श्लोकों से युक्त है। सात संहिताओं से युक्त यह दिव्य शिवपुराण परब्रह्म परमात्मा के समान विराजमान है और सबसे उत्कृष्ट गति प्रदान करने वाला है।

# मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा






संस्था मॉडर्न पब्लिक हासे स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार वृक्ष जामुन, आवला, नींबू के पौधे छात्र-छात्राओं द्वारा संस्था के प्रांगण में लगाए गए। संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को वृक्षों के महत्व के बारे में समझाया प्राचार्य श्री ठाकुर ने बच्चों को एक पेड़ मां के नाम के बारे में बताया की यह एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है।

इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निमर्ला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, इशा जैन, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर, सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि।

# पुलिस ने अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्यामपुर

नशा मुक्ति जन जागरण अभियान के तहत श्यामपुर बस स्टैंड पर एसडीओपी ने नशा न करने की शपथ दिलवाई। शनिवार को श्यामपुर में पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाई गई मुहिम नशे से दूरी है जरूरी के तहत थाना श्यामपुर में बस स्टैंड पर नागरिको को नशे से दूर रहने की समझाइश एसडीओपी पूजा शर्मा द्वारा दी। एसडीओपी सीहोर थाना प्रभारी संध्या मिश्रा, सउनि रामबाबू भिलाला सउनि रघुनंदन गुर्जर, प्रधान आरक्षक प्रेम यादव, प्रधान आरक्षक महेश कुमार, प्रधान आरक्षक चरण सिंह, एवं समस्त स्टाफ थाना श्यामपुर एवं मेंटल हॉस्पिटल सीहोर से आई हुई नुक्कड़ नाटक के लिए टीम उपस्थित हुई।

# नगर परिषद के कर्मचारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा 17 जुलाई 2025 को की गई जिसमें जावर शहर ने राज्य में 168 वां स्थान प्राप्त किया तथा पूरे देश में 221 वां स्थान प्राप्त किया ।

इसी के साथ नगर परिषद संपूर्ण टीम की मेहनत एवं नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य,उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मदन विश्वकर्मा एवं स्वच्छता प्रभारी हेमंत परिहार के उचित मार्गदर्शन से जावर ने एक सितारा शहर एवं ओडीएफ प्लस-प्लस का खिताब भी अपने नाम किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी द्वारा इस खिताब का श्रेय जावर नगर की जनता व दिन रात सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रो की मेहनत को दिया। साथ ही सी .एम. ओ . द्वारा बताया गया कि आने वाले अगले सर्वेक्षण में जावर नगर देश, एवं प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करे।

इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे परिमाणों की घोषणा के अगले दिन न.प. कार्यालय में 18 जुलाई को समस्त सफाई मित्रो व दरोगा रोहित चिंतामन का स्वागत किया गया इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा बताया गया कि जावर नगर के सर्वेक्षण 2024 में देश व प्रदेश में अव्वल रहने की वजह आम नागरिकों का सहयोग व संपूर्ण स्वास्थ्य विभाग की मेहनत का ही परिणाम है ओर हम यही नहीं रुकने वाले है जावर नगर की सफाई व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा सर्वेक्षण के समय कार्यरत स्वच्छ भारत मिशन सहयोगी संस्था एनवायरो वेस्ट सॉल्यूशन एंड सर्विसेस का भी आभार व्यक्त किया ।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान और अंकुर अभियान के तहत लगाए पौधे

# पौधे लगाकर सुरक्षा करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा द्वारा श्री साई पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल जावर प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शीशम, पीपल, नीम, एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पारूल उपाध्याय, विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर,भगवत शरण लोधी, बीलु भीलवारे, इंदर निकुंम एवं मेन्टर्स मुकेश राठौर के साथ ही नगर विकास प्रस्फुटन समिति जावर के सदस्य उपस्थित रहे। पारूल उपाध्याय ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया एवं स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी हे सभी ग्रामीण जन अधिक संख्या में पौधे लगाए एवं साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर स्कूल प्रिंसपल तेजपाल सिंह ठाकुर,सोभल सिंह, राजपाल ठाकुर, मुकेश प्रजापति, मुकेश राठौर, धर्मेंद्र सिंह , फूल सिंह आदि उपस्थित थे।

### बेटी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**जावर।** योगेंद्र परमार पिता विजय सिंह परमार ने अपने गांव ग्राम कुंडिया धागा में बहुत ही अलग पहल चलाई और एक अलग ही तौर तरीके से अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया जिसमें पर्यावरण को बचाने का प्रयास किया है शासकीय स्कूल के ग्राउंड में अपनी बेटी के पहले जन्मदिन पर भी पौधारोपण किया था और बेटी के जन्म के 2 वर्ष पूर्ण होने पर भी पौधारोपण किया और शासकीय स्कूल के बच्चों को मिठाई वितरण की इस प्रयास से वह बहुत खुश है और इस पहल से पर्यावरण को लाभ भी होगा योगेन्द्र परमार का कहना है की पिछले वर्ष से अभी तक जब भी मेरा गांव आना हुआ सबसे पहले में मेरी बेटी के हाथों से लगाए गए पौधें के पास जरूर आया हु मेरी बेटी की बढ़ती उम्र के साथ पौधों को भी मेरे बच्चों की तरह ही पालन पोषण करने की कोशिश करूंगा परमार ने शासकीय स्कूल के शिक्षकों का धन्यवाद किया और आभार व्यक्त किया जो कि पिछले वर्ष किया पौधारोपण को समय समय पर पानी डालकर अभी तक ध्यान रखा गजराज सिंह ठाकुर, प्रधान अध्यापक राजेंद्र सिंह ठाकुर ,शिक्षक एन एस जोशी, शिक्षक धीरज सिंह प्रजापति ,शिक्षक माया ठाकुर, शिक्षक विजय सिंह परमार ,आकाश परमार, कुंदन परमार ,कुलदीप परमार समित परमार रितेश यादव ,देवराज बड़कनिया और अन्य उपस्थित रहे।

# लापरवाही: जगह-जगह कटी बिजली की केबल, हो सकता है बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



बिजली विभाग नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है, लेकिन हकीकत कुछ और है। बिजली कटौती से परेशान नगर के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में इन दिनों घंटों बिजली की कटौती की जा रही है। जरा सी हवा आंधी और बारिश होते ही बिजली गुल कर दी जाती है। बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। ऐसे में लोगों को अघोषित कटौती से जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर फाल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है। वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप एक ग्रुप में कटौती की सूचना दिन में कई बार देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजाना केबल का जलना होता रहता है और केबल की यह हालत हो गई है कि जगह-जगह बिजली के कर्मचारियों ने केबल के टुकड़े कर कर जोड़ लगाकर कहीं जगह कट कर दिए हैं। जिससे किसी भी दिन क्षेत्र में कोई बड़ी घटना हो सकती है।